**भारत सरकार**
**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**
**कृषि एवं किसान कल्याण विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1519**
**12 दिसंबर, 2023 को उत्तरार्थ**

**विषयः किसानों का वर्गीकरण**

**1519.श्री एस. ज्ञानतिरावियम:**
**श्री रवि किशन:**
**श्री रविन्दर कुशवाहा:**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कृषि क्षेत्र के संदर्भ में देश में बड़े, मध्यम और छोटे किसानों की श्रेणी-वार संख्या कितनी है;

(ख) दो हेक्टेयर से कम भूमि वाले अथवा कम भूमि वाले किसानों की संख्या कितनी है;

(ग) विशेषकर उत्तर प्रदेश में ऐसे किसानों और कृषि श्रमिकों का जीवनयापन सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं और इस संबंध में लाभार्थियों की संख्या कितनी है; और

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना (पीएमकेएमवाई) से लाभान्वित होने वाले किसानों का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री अर्जुन मुंडा)**

(क): कृषि संगणना 2015-16 के अनुसार, देश में भू-जोतों के प्रचालन के संदर्भ में प्रचालन धारकों की श्रेणी-वार संख्या नीचे दी गई है:

| क्र.सं. | आकार श्रेणी | प्रचालन धारकों की संख्या ('000 में) |
|---|---|---|
| 1 | सीमांत (1.00 हेक्टेयर से नीचे) | 100251 |
| 2 | छोटी (1.00 - 2.00 हेक्टेयर) | 25809 |
| 3 | अर्ध-मध्यम (2.00 - 4.00 हेक्टेयर) | 13993 |
| 4 | मध्यम (4.00 - 10.00 हेक्टेयर) | 5561 |
| 5 | बड़ी (10.00 हेक्टेयर)और उससे ऊपर) | 838 |
| **योग** | | **146454** |

(ख): कृषि संगणना 2015-16 के अनुसार, देश में 12606 मिलियन प्रचालन जोत धारक ऐसे थे जो दो हेक्टेयर से कम भूमि का प्रचालन कर रहे थे।

(ग): सरकार ने कृषि को बढ़ावा देने और देश में किसानों और कृषि कामगारों की सहायता करने के लिए कई उपाय किए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान), प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना (पीएमकेएमवाई), प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई), ब्याज छूट योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम), मृदा स्वास्थ्य कार्ड (एसएचसी), किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) आदि जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न श्रेणी के किसानों को सहायता प्रदान की जाती है। ग्रामीण विकास विभाग रोजगार और आजीविका के अवसरों के सृजन के

माध्यम से कृषि कामगारों/श्रमिकों सहित ग्रामीण लोगों को लाभान्वित करने के लिए देश के ग्रामीण क्षेत्रों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम कार्यान्वित कर रहा है। उपर्युक्त सभी योजनाएँ राज्य सरकारों द्वारा कार्यान्वित की जाती हैं, जो संबंधित योजनाओं के लाभार्थियों का ब्यौरा रखती हैं।

(घ): 07.12.2023 तक, उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना (पीएमकेएमवाई) के अंतर्गत नामांकित किसानों का जिला-वार कुल संख्या **अनुबंध** में दिया गया है।

**लो.स.अता.प्र.सं. 1519**

**अनुबंध**

| उत्तर प्रदेश में पीएमकेएमवाई के तहत नामांकित किसानों की जिलेवार कुल संख्या (07.12.2023 तक) | | |
|---|---|---|
| क्र.सं. | जिला | किसानों की संख्या |
| 1 | आगरा | 5062 |
| 2 | अलीगढ़ | 9700 |
| 3 | अम्बेडकर नगर | 635 |
| 4 | अमेठी | 1935 |
| 5 | अमरोहा | 1167 |
| 6 | औरेया | 1334 |
| 7 | अयोध्या | 2368 |
| 8 | आज़मगढ़ | 1987 |
| 9 | बागपत | 756 |
| 10 | बहराइच | 2527 |
| 11 | बलिया | 1770 |
| 12 | बलरामपुर | 3048 |
| 13 | बांदा | 2489 |
| 14 | बाराबंकी | 2453 |
| 15 | बरेली | 2424 |
| 16 | बस्ती | 1162 |
| 17 | भदोही | 3153 |
| 18 | बिजनौर | 4394 |
| 19 | बदायूं | 545 |
| 20 | बुलंदशहर | 6205 |
| 21 | चंदौली | 1431 |
| 22 | चित्रकूट | 2268 |
| 23 | देवरिया | 860 |
| 24 | एटा | 3641 |
| 25 | इटावा | 1954 |
| 26 | फर्रुखाबाद | 2860 |
| 27 | फ़तेहपुर | 1785 |
| 28 | फिरोजाबाद | 1296 |
| 29 | गौतम बुद्ध नगर | 434 |
| 30 | ग़ाज़ियाबाद | 534 |
| 31 | ग़ाज़ीपुर | 3678 |
| 32 | गोंडा | 2831 |
| 33 | गोरखपुर | 2385 |
| 34 | हमीरपुर | 3322 |
| 35 | हापुड़ | 1373 |
| 36 | हरदोई | 12032 |
| 37 | हाथरस | 9953 |
| 38 | जालौन | 1234 |
| 39 | जौनपुर | 2414 |
| 40 | झांसी | 10386 |

| उत्तर प्रदेश में पीएमकेएमवाई के तहत नामांकित किसानों की जिलेवार कुल संख्या (07.12.2023 तक) | | |
|---|---|---|
| क्र. सं. | जिला | किसानों की संख्या |
| 41 | कन्नौज | 5246 |
| 42 | कानपुर देहात | 4829 |
| 43 | कानपुर नगर | 2793 |
| 44 | कासगंज | 16420 |
| 45 | कौशांबी | 1589 |
| 46 | खेरी | 2785 |
| 47 | कुशीनगर | 2812 |
| 48 | ललितपुर | 6457 |
| 49 | लखनऊ | 3023 |
| 50 | महराजगंज | 1916 |
| 51 | महोबा | 2921 |
| 52 | मैनपुरी | 4911 |
| 53 | मथुरा | 991 |
| 54 | मऊ | 1372 |
| 55 | मेरठ | 2268 |
| 56 | मिर्ज़ापुर | 1795 |
| 57 | मुरादाबाद | 2821 |
| 58 | मुजफ्फरनगर | 2102 |
| 59 | पीलीभीत | 1658 |
| 60 | प्रतापगढ़ | 2713 |
| 61 | प्रयागराज | 10357 |
| 62 | रायबरेली | 1243 |
| 63 | रामपुर | 569 |
| 64 | सहारनपुर | 1902 |
| 65 | संभल | 1771 |
| 66 | संत कबीर नगर | 2845 |
| 67 | शाहजहाँपुर | 1385 |
| 68 | शामली | 1196 |
| 69 | श्रावस्ती | 1951 |
| 70 | सिद्धार्थ नगर | 4855 |
| 71 | सीतापुर | 18721 |
| 72 | सोनभद्र | 1710 |
| 73 | सुल्तानपुर | 1796 |
| 74 | उन्नाव | 6135 |
| 75 | वाराणसी | 3135 |
| **योग** | | **252778** |

******